Bharat Temples

श्याम धणी तेरे नाम से,
गुजारा हमारा गुजारा हमारा,
रहे हमेशा हम भक्तो के,
सिर पर हाथ तुम्हारा,
श्याम धणी तेरे नाम से,
गुजारा हमारा गुजारा हमारा।।

तर्ज जनम जनम का साथ है।

बिन माँझी के नैया,
चलती दम पे तेरे,
बिन बोले तू बाबा,
हरता दुखड़े मेरे,
बींच भँवर अटके नैया तो,
देता श्याम किनारा।

श्यामधणी तेरे नाम से,
गुजारा हमारा गुजारा हमारा।।

स्वार्थ के संसार ने,
इतना मुझे सताया,
शरण तुम्हारी जो पड़ा,
तूने गले लगाया,
उतर गया प्यासे जीवन मे,
बन के जल की धारा।

श्यामधणी तेरे नाम से,
गुजारा हमारा गुजारा हमारा।।

हर्ष तेरे चरणों में,
हरदम रहे ठिकाना,
भूल अगर हो जाये,
दिल से उसे भुलाना,
तेरी किरपा बनी रहेगी,
ये विश्वास हमारा।

श्यामधणी तेरे नाम से,
गुजारा हमारा गुजारा हमारा।।

श्याम धणी तेरे नाम से,
गुजारा हमारा गुजारा हमारा,
रहे हमेशा हम भक्तो के,
सिर पर हाथ तुम्हारा,
श्याम धणी तेरे नाम से,
गुजारा हमारा गुजारा हमारा।।

Source:
https://www.bharattemples.com/shyam-dhani-tere-naam-se-gujara-hamara/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw